सुखाड़िया विवि की चार हजार करोड़ की भूमि से कब्जे हटाने की मांग

- उदयपुर सांसद रावत ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र
- कहा भूमि का कब्जा तुरंत मुक्त कराया जाना चाहिए

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर सांसद डॉ.मन्नालाल रावत ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखकर मोहनलाल सुखाडयिा यूनिवर्सिटी की 14.5900 हेक्टेयर अवाप्तिधीन भूमि पर अवैध कब्जा और अनधिकृत निर्माण करने वालों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई करने की मांग की है।

मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में सांसद रावत ने बताया कि भूमि का कब्जा तुरंत मुक्त कराया जाना चाहिए ताकि यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स के विकास और विस्तार में कोई बाधा न आए। हाल ही में यूनिवर्सिटी की स्थानीय निधि अंकेक्षण विभाग की रिपोर्ट में भी इस मामले को गंभीर रूप से उठाया गया है।उन्होंने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि भूमि अवाप्ति प्रक्रिया तुरंत शुरू की जाए और अवैध कब्जे हटाए जाएं। यूनिवर्सिटी को समय पर विस्तार और विकास की सुविधा दी जाए।

सांसद ने बताया. राजस्थान सरकार ने 3 अक्टूबर 1981 को विश्वविद्यालय के विकास हेतु चम्पा बाग एवं निरंजनी अखाडा की 14.5900 हेक्टेयर भूमि अवाप्त की थी। यह अधिसूचना राजस्थान भूमि अधिग्रहण अधिनियम 1953 की धारा 4 (1) के तहत जारी की गई और 30 अक्टूबर 1981 को राजपत्र में प्रकाशित हुई। उच्च न्यायालय की 30 मई 2024 की खंडपीठ ने विश्वविद्यालय के पक्ष में निर्णय दिया। पूर्व के सभी अपील व स्थगन आदेश रद्द किए। खंडपीठ ने अधिसूचना को वैध माना।

चम्पाबाग में विश्वविद्यालय के स्वामित्व वाली 14.59 हेक्टेयर बेशकीमती जमीन का विवाद 44 साल पुराना है। चार दशक से ज्यादा बीतने के बाद भी यह जमीन यूनिवर्सिटी को नहीं मिल पाई। खास बात ये है कि तब यूनिवर्सिटी का नाम भी उदयपुर विश्वविद्यालय था लेकिन अब इतने सालों बाद विश्वविद्यालय का नाम तो बदल गया लेकिन हालात नहीं बदले।

स्थगन आदेशों के बावजूद निजी पक्षकारों ने भूमि पर अवैध कब्जा और निर्माण कार्य शुरू कर दिया। सांसद डॉ. रावत ने इसे उच्च न्यायालय की अवमानना और छात्रों के अधिकारों का हनन बताया। विद्यार्थियों की लगातार बढती संख्या को देखते हुए विश्वविद्यालय को भविष्य की जरूरतों के लिए भूमि की आवश्यकता है।

वर्तमान बाजार दरों के अनुसारए 14.5900 हेक्टेयर भूमि का मूल्य लगभग 4 हजार करोड रुपए है। डॉ.रावत ने कहा. विश्वविद्यालय की उदासीनता और जिला कलेक्टर द्वारा धारा 5 (ए) के तहत कार्रवाई न करने से उच्च न्यायालय के निर्णय का समयबद्ध क्रियान्वयन बाधित हो रहा है। आपको बतादें कि तत्कालीन कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह ने चम्पाबाग की जमीन के कब्जे को लेकर उनके और तत्कालीन नेता प्रतिपक्ष और वर्तमान राज्यपाल नेता गुलाबचंद कटारिया के बीच वाद.विवाद भी सुर्खियों में रहा।

सांवलिया सेठ के भंडार से 51 करोड़ 27 लाख से अधिक का चढ़ावा मिला

- 19 नवंबर चतुर्दशी को खोले गए भंडार की शेष रही राशि की गिनती मंदिर मंदिर बोर्ड अध्यक्ष हजारी दास वैष्णव की उपस्थित में छह चरणों में संपन्न हुई
- साथ ही 207 किलो चांदी व 1 किलो 204 ग्राम सोना भी प्राप्त हुआ
- इससे पूर्व पांच चरणों में हुई गिनती में 40 करोड़ 33 लाख 39 हजार रुपए नगद प्राप्त हुए थे

मंडफिया। मेवाड़ अंचल के प्रमुख तीर्थ स्थल भगवान श्री सांवलिया जी सेठ मंडफिया के दरबार में गत 19 नवंबर चतुर्दशी को खोले गए भंडार की शेष रही राशि की गिनती मंदिर मंदिर बोर्ड अध्यक्ष हजारी दास वैष्णव की उपस्थित में छह चरणों में संपन्न हुई।

इस अवसर पर मंदिर अध्यक्ष हजारी दास वैष्णव ने बताया कि छठे चरण में हुई भंडार गिनती में 41 लाख 01 हजार 543 रुपए नगद प्राप्त हुए। इससे पूर्व पांच चरणों में हुई गिनती में 40 करोड़ 33 लाख 39 हजार रुपए नगद प्राप्त हुए थे। उन्होंने बताया कि छह चरणों की गिनती को मिलाकर कुल 40 करोड़ 74 लाख 40 हजार 543 रुपए की नगद प्राप्त हुए। अध्यक्ष वैष्णव ने बताया कि इसके अलावा भंडार से निकले सोने चांदी का तोल भी किया गया। भंडार से 985 ग्राम सोना व 86 किलो 200 ग्राम चांदी प्राप्त हुई। उन्होंने बताया कि विभिन्न भक्तों द्वारा मंदिर कार्यालय में 219 ग्रम 400 मिली ग्राम सोना व 121 किलो 593 ग्राम चांदी भेंट स्वरूप जमा हुई।

अध्यक्ष वैष्णव ने बताया कि इसके अलावा विभिन्न भक्तों ने विभिन्न स्थानों से मनी ऑर्डर भेजकर, ऑनलाइन द्वारा एवं स्वयं उपस्थित होकर मंदिर कार्यालय में 10 करोड़ 52 लाख 89 हजार 569 रुपए भेंट जमा किए। भगवान श्री सांवलिया जी सेठ के दो माह के भंडार एवं भेंट कक्ष कार्यालय से कुल 51 करोड़ 27 लाख 30 हजार 112 रुपए का नगद चढ़ावा मिला। भंडार गिनती में मंदिर अध्यक्ष वैष्णव, मंदिर बोर्ड सदस्य पवन तिवारी, लेखाधिकारी राजेन्द्र सिंह, मंदिर प्रभारी भेरू गिरी गोस्वामी, सुरक्षा प्रभारी गुलाब सिंह राजपूत सहित चुनिंदा मंदिर कर्मचारी एवं बैंक कर्मी उपस्थित थे।

पीएचडी की उपाधि

उदयपुर। जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड टू बी विवि ने श्वेता पटेल चौधरी को पीएचडी उपाधि प्रदान की।

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई–निविदा सूचना

निविदा संख्याः ZRTI-UD-2025-07, **कार्य का नामः** क्षेत्रीय रेल प्रशिक्षण संस्थान उदयपुर स्थित मॉडल रूम के उन्नयन हेतु संकेत एवं दूरसंचार सम्बन्धी कार्य, **अनुमानित लागतः** रुपये 1,17,94,613.75, **धरोहर राशिः** रुपये 2,09,000/–, **निविदा प्रपत्र जमा करने की आखिरी तारीख एवं समयः** 22.12.2025 को 15:00 बजे तक, **निविदा प्रपत्र खुलने की तारीख एवं समयः** 22.12.2025 को 15:30 बजे, **ऑफिस का पताः** प्राचार्य क्षेत्रीय रेल प्रशिक्षण संस्थान, सुखाडिया सर्किल के पास, उदयपुर, राजस्थान–313001 **वेबसाइट का पताः** www.ireps.gov.in. **1537-PS/25**

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)

क्रमांक : F.11( )Region-I/2025/1299 Date: 14/11/25

आम सूचना

राजस्व ग्राम देवाली (शोभागपुरा) के खसरा नम्बर 1454, 1467, 1474 से 1535, 1537 1541, 1543 से 1564, 1568 से 1607, 1612 1626, 1667, 1677, 1678, 1681 से 1694 एवं न्यास भूमि के आराजी संख्या 1492, 1493, 1522, 1529, 1530, 1546, 1570, 1573, 1605, 1667, 1681, 1689, 1690, 1691 के अनुमोदित प्लान मे स्थित भूखण्ड संख्या 627 क्षेत्रफल 1695'–00" वर्गफीट के नियमन हेतु जैनब पुत्री श्री अब्बास अली गोराणावाला निवासी– 121, खांजीपीर, सैफी कॉलोनी, उदयपुर (राज.) द्वारा आवेदन पत्र के साथ 90–क आदेश, अपंजीकृत विक्रय ईकरार, क्षतिपूर्ति बंध–पत्र, शपथ–पत्र आदि प्रस्तुत कर आवंटन/पट्टा चाहा गया है। प्राप्त मौका रिपोर्ट के अनुसार आवेदित भूखण्ड पर भवन निर्मित हैं। आवेदक को उक्त भूखण्ड श्री तुलश पिता वेणा, रामा, खेमा पिता नामा भील, प्रताबी बेवा वेला, देवा पिता वेला से श्री हीरालाल पिता श्री कन्हैयालाल पानेरी को अपंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 22.03.1992, श्री हीरालाल पिता श्री कन्हैयालाल पानेरी से श्री उदयलाल शर्मा पिता श्री पन्नालाल शर्मा को अंपजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 29.12.2001, श्री उदयलाल शर्मा पिता श्री पन्नालाल शर्मा से श्री केसरसिंह पिता श्री जगत सिंह राजपूत को अपंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 02.02.2002, श्री केसरसिंह पिता श्री जगत सिंह राजपूत से श्री तरूण कुमार कावडिया पिता स्व. हरीसिंह कावडिया को अपंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 15.10.2019, श्री तरूण कुमार कावडिया पिता स्व. हरीसिंह कावडिया से श्री अलताफ हुसैन बोहरा पिता श्री अब्बास अली को अपंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 12.10.2019 एवं श्री अलताफ हुसैन बोहरा पिता श्री अब्बास अली से जैनब पुत्री श्री अब्बास अली गोराणावाला को अपंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 08.08.2020 से प्राप्त हुआ हैं।

अतः उक्त अनुमोदित प्लान मे स्थित भूखण्ड संख्या 627 क्षेत्रफल 1695'–00" वर्गफीट का पट्टा जैनब पुत्री श्री अब्बास अली गोराणावाला निवासी– 121, खांजीपीर, सैफी कॉलोनी, उदयपुर (राज.) के नाम करने के संबंध मे किसी को कोई आपत्ति/ऐतराज हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिवस मे प्रस्तुत करे अन्यथा बाद मियाद गुजरने नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही अमल में लायी जावेगी।

(जगदीश सिंह आशिया) उपायुक्त
उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर

संक्षिप्त

जेवरात व नकदी चोरी, मामला दर्ज

उदयपुर, (कासं)। शहर के सविना थाना क्षेत्र में स्थित सूने मकान का चोर ताला तोड़ कर जेवरात व नकदी चुरा ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित सागर खंडेलवाल निवासी शांति हील्स कॉलोनी रम्या रिसोर्ट के पास डाकन कोटड़ा सविना ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज कराया। जिसमें उसने बताया कि 26 नवंबर सवेरे मैं नौकरी पर गया था, मां आंगनवाड़ी गई थी। इस दौरान अज्ञात चोर मकान का ताला तोड़ कर सोने की 2चेन, कुण्डल, पेण्डल, हार, चांदी की 4 पायल, मोबाइल व 10 से 15 हजार रूपये नकदी चुरा ले गए। घर पहुंचने पर मकान का एवं कमरों व अलमारी की ताले टूटेएवं सामान बिखरा पड़ा था। तलाशी ली तो जेवरात व नकदी गायब थी। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। जिसकी जांच हेडकांस्टेबल अमरसिंह राठौड़ कर रहे है।

अवैध शराब से भरी पिकअप जब्त

उदयपुर, (कासं)। खेरवाड़ा थाना पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान तस्करी कर गाजर के निचे रख कर गुजरात ले जाई जा रही अवैध शराब सहित पीकअप वाहन जब्त कर चालक को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षकइ योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल, पुलिस उपाधीक्षक राजीव राहर के सुपरविजन में खेरवाड़ा थाना अधिकारी दलपतसिंह के नेतृत्व में एएसआई दिग्विजय सिंह, कांस्टेबल दिग्विजयसिंह, भरत नागदा, मनोहर, अंशुल, ज्योतिराज एवं डीएसटी टीम प्रभारी एएसआई विक्रम सिंह मय टीम ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए गुरूवार को मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर खाण्डी ओवरी टोल नाका पर नाकाबंदी के दौरान उदयपुर की तरफ से आ रहे पीकअप वाहन को रोक तलाशी ली तो उसमें गाजर के निचे अवैध शराब के 80 कर्टन पाए गए। इस संबंध में पूछताछ करने पर चालक राजवीर गुर्जर पुत्र भागीरथ गुर्जर निवासी पूरणनगर कोटपुतली पानीयाला कोटपुतली को गिरफ्तार किया। बरामद शराब की बाजार कीमत आठ लाख रूपये बताई जाती है। पुलिस ने अवैध शराब से भरा वाहन जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। प्रारंभिक पूछताछ में बरामद शराब कोटपूतली से नरोड़ा गुजरात लेकर जाने की जानकारी सामने आई है।

वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

राजसमंद। केलवा थाना क्षेत्र में फोरलेन पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। केलवा थाना प्रभारी लक्ष्मणराम विश्नोई ने बताया कि मोखमपुरा में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार रेगर मोहल्ला, केलवा निवासी हरीश 29 पुत्र नारायण रेगर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि केलवा निवासी देवीसिंह गंभीर घायल हो गया, जिसे तत्काल आर.के. जिला चिकित्सालय पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उदयपुर रेफर कर दिया। अब हरीश के शव का पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है।

महिला की चेन छीनी

उदयपुर, (कासं)। शहर के अम्बामाता थाना क्षैत्र में दो बदमाश महिला के गले से सोने की चेन छिन ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडिता मतिया बानू पत्नी मोहम्मद गनी निवासी रजा कॉलोनी अम्बामाता ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि 15 सितंबर को मैं दुधिया गणेशजी सब्जी लेने गई थी।

2585 प्रति क्विंटल पर होगी गेहूँ खरीद

उदयपुर, (कासं)। आगामी रबी विपणन सत्र 2०26–27 के अंतर्गत प्रदेश में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूँ की खरीद को लेकर दिनांक ०7 नवम्बर 2०25 को जयपुर सचिवालय में आयोजित राज्य स्तरीय बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये हैं।

भारतीय खाद्य निगम, उदयपुर के मंडल प्रबंधक रामफूल मीना ने बताया कि भारत सरकार द्वारा रबी विपणन सत्र 2026–27 हेतु गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 प्रति क्विंटल घोषित किया गया है। बैठक में राज्य में गेहूँ की कुल खरीद का लक्ष्य 23 लाख मीट्रिक टन निर्धारित किया गया है। उदयपुर मंडल में गत वर्ष 47000 एमटी गेहूं खरीद हुई थी। इस वर्ष लक्ष्य को 55000 एमटी रखा गया है और खरीद केंद्रों की संख्या भी 28 से बढाकर 33 रखी गई है। इन सभी खरीद केंद्रों पर एचटीए नियुक्ति हेतु दिनांक बुधवार को जीईएम पर निविदाएं आमंत्रित की जा चुकी है।

'सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग की योजनाओं से क्रांतिकारी परिवर्तन'

राजसमंद, (निसं)। भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी) उदयपुर की ओर से भारत का गणतंत्र – एक सुनहरी यात्रा, वंदे मातरम राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष तथा भारतीय संविधान की 75 वर्ष की यात्रा पर गायत्री शक्तिपीठ राजसमंद के सभागार में 26 नवंबर से आयोजित की जा रही तीन दिवसीय मल्टीमीडिया प्रदर्शनी के दूसरे दिन आज आयोजित सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक दीपेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि उनके विभाग द्वारा समाज के कमजोर और जरूरतमंद लोगों के लिए कई तरह की कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं जिनका उद्देश्य समाज के वंचित तबकों को विकास की मुख्यधारा में शामिल करना है।

उन्होंने कहा कि सामाजिक अधिकारिता विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाएं गरीब एवं वंचित वर्ग के लिए सहारा बन रही है जिससे लोगों के जीवन स्तर में ऋांतिकारी परिवर्तन आ रहे हैं। उन्होंने उपस्थित जन समूह को विभाग द्वारा संचालित पालनहार योजना, मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना, छात्रावास योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाएं, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, मुख्यमंत्री पुनर्वास गृह योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

इस अवसर पर महिला अधिकारिता विभाग की ओर से सुपरवाइजर मनीषा चौधरी ने उपस्थित दर्शकों को बेटी बचाओ बेटी पढाओ की शपथ दिलाई। चिकित्सा विभाग के एमसीडी काउंसलर विनोद पुरोहित ने नशा मुक्ति एवं गैर संचारी रोगों के बारे में तथा महिला बाल विकास की महिला पर्यवेक्षक रंजना व्यास एवं मधू दाधीच ने प्रधान मंत्री मातृ वंदना योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रदर्शनी के दूसरे दिन डाक विभाग उदयपुर के प्रवर अधीक्षक अक्षय भानुदास गाडेकर ने भारतीय डाक विभाग के कार्मिकों के साथ प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इससे पूर्व स्कूली विद्यार्थियों के साथ एक जागरुकता रैली का आयोजन भी किया गया। रैली को गांधी सेवा सदन से केन्द्रीय संचार ब्यूरो के सहायक निदेशक रामेश्वर लाल मीणा एवं गांधी सेवा सदन के निदेशक डॉ. महेंद्र कर्णावत, रवि योगी, नरेश कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली गांधी सेवा सदन से रवाना होकर मुख्य मार्गों से होते हुए प्रदर्शनी स्थल तक पहुंची। केंद्रीय संचार ब्यूरो के सहायक निदेशक रामेश्वर लाल मीणा ने बताया कि इस मल्टीमीडिया प्रदर्शनी में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, कृषि विभाग, डाक विभाग, महिला अधिकारिता विभाग, ग्राम विकास व पंचायती राज विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, जिला अग्रणी बैंक के स्टॉल लगाए गए हैं।

गायत्री शक्तिपीठ के परिसर में 26 नवंबर से आयोजित इस तीन दिवसीय प्रदर्शनी के दूसरे दिन विद्यार्थियों व आम नागरिकों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और यहाँ लगाये गये विभिन्न विभागों के स्टॉल से जानकारी हासिल की।

पारंपरिक कला एवं नृत्य महोत्सव आज से

उदयपुर, (कासं)। राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय एवं अकादमी ऑफ वेलबिंग समिति के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय पारंपरिक कला एवं नृत्य महोत्सव का आगाज शुक्रवार को लोकमान्य तिलक शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय के सभागार में होगा। जिसमें ख्यातनाम ओडिसी नृत्यांगना शैली श्रीवास्तव विशेष प्रस्तुति देंगी, जो विद्यार्थियों को शास्त्रीय नृत्य की बारीकियों और उसकी आध्यात्मिकता से अवगत कराएगी।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने बताया कि ने इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय शास्त्रीय कलाओं, नृत्य–विधाओं और पारंपरिक सौंदर्यशास्त्र से सीधे जोड़ना है। उन्होंने कहा कि भारतीय शास्त्रीय कला हमारे सांस्कृतिक विकास, मानसिक संतुलन और व्यक्तित्व निर्माण की आधारशिला है।

आज की नई पीढ़ी को इन कलाओं से परिचित कराना और उनमें रुचि जागृत करना ही इस कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य है। कुलपति ने कहा कि कला केवल अभिव्यक्ति नहीं, बल्कि आत्म–अनुशासन, सौंदर्यबोध और सांस्कृतिक विरासत को आत्मसात करने का माध्यम भी है, इसी सोच के साथ यह महोत्सव आयोजित किया जा रहा है।

जागरूकता कार्यक्रम में बताई आईपीआर की महत्ता

बांसवाड़ा, (निसं)। अरावली महाविद्यालय में एमएसएमई तकनीकी विकास केंद्र, उदयपुर की ओर से बौद्धिक संपदा अधिकार विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

मुख्य अतिथि लघु उद्योग भारती अध्यक्ष अनिल मेठानी, एमएसएमई उदयपुर पूर्व निदेशक डॉ. प्रवीण आर जोशी, एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर उदयपुर एवं राजकोट रीजन असिस्टेंट डायरेक्टर एवं इंचार्ज एम. गणेश रहे।निदेशक अभिषेक जैन ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को उद्यिमता विकास, स्किल डेवलपमेंट, कॉपीराइट, डिज़ाइन रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया तथा बौद्धिक संपदा अधिकारों के महत्व के संबंध में मार्गदर्शन दिया। वक्ताओं ने बताया कि वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक युग में इनोवेशन और क्रियेटिविटी को सुरक्षित रखने के लिए आईपीआर अत्यंत आवश्यक है जिससे एमएसएमई इकाइयों तथा युवा उद्यिमयों को अपनी तकनीकों और विचारों की सुरक्षा एवं वैधानिक अधिकार प्राप्त होते हैं।

कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)

क्रमांकः एदिवा/नियमन रिकार्ड/2025/3437 **आम सूचना** दिनांकः– 26/11/2025

निम्न आवेदनकर्ता द्वारा अपने भूखण्डों का वारिसान के आधार पर अपने नाम पर नामान्तरण किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है:–

क्र. सं.	भुखण्ड संख्या	क्षेत्रफल	राजस्व ग्राम	आवेदक का नाम/पिता का नाम	मृतक का नाम / दस्तावेज
1.	25 (MUT No. 6164)	1762.50 वर्गफीट	गायरियावास खसरा नं. 42, 51 से 54	श्रीमती धुली बाई पत्नी स्व. श्री दुर्गा शंकर, निवासी– 578/ 1, कालीवन कॉलोनी, टेकरी, उदयपुर	श्री दुर्गा शंकर शर्मा पिता श्री तुलसी राम जी का मृत्यु प्रमाण पत्र दिनांक 06.05.2025 एवं सजरा के आधार पर नामान्तरण चाहा गया है।

अतः उपरोक्तानुसार उक्त भूखण्ड का वारिसान के आधार पर नामान्तरण पत्र करने के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/फर्म को किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति /एतराज हो तो वो अपनी आपत्ति जारी मय आधारों सहित इस सार्वजनिक सूचना पत्र के प्रकाशन से 07 दिवस की अवधि में इस कार्यालय में संबंधित शाखा के अन्दर इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत कर सम्बंधित शाखा प्रभारी को लिपिक को प्रस्तुत करावें। अन्यथा बाद गुजरने मयाद आवेदक के नाम पर उक्त भूखण्ड का नामान्तरण– पत्र/लीजडीड जारी की जा सकेगा।

(रणजीत सिंह विठ्ठू) तहसीलदार, उदयपुर विकास प्राधिकरण उदयपुर (राज.)

भाजपा की प्रदेश कार्यकारिणी में उदयपुर संभाग से दो पदाधिकारी

- अलका मुंदडा और हकरू मईडा को प्रदेश उपाध्यक्ष का मिला जिम्मा

उदयपुर, (कासं)। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड द्वारा गुरुवार को घोषित प्रदेश भाजपा की नई टीम में 28 विधानसभा सीटों वाले उदयपुर संभाग से महज 2 नेताओं को मौका मिला है। भाजपा की महिला मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष रही अलका मुंदडा और हकरू मईडा को प्रदेश उपाध्यक्ष का जिम्मा मिला है।

कार्यकारिणी में नौ उपाध्यक्ष, चार महामंत्री, सात मंत्री, एक कोषाध्यक्ष, एक सहकोषाध्यक्ष, एक प्रकोष्ठ प्रभारी और 7 प्रवक्ता सहित 34 नामो की घोषणा की गई है। राजस्थान विधानसभा में भाजप की सबसे ज्यादा 17 सीटें उदयपुर संभाग से है। भाजपा की इस सूची के बाद कई वरिष्ठ नेताओं में मायूसी है।

आपको बतादें कि मदन राठौड इस टीम में उदयपुर संभाग से प्रमोद सामर,चन्द्रगुप्त सिंह चौहान, रवीन्द्र श्रीमाली,नरेन्द्र मीणा,अनिता कटारा,सुशील कटारा के शामिल होने की संभावना थी। इस बार राज्यसभा सांसद होने की वजह से डॉ चुन्नीलाल गरासिया भी शामिल नहीं किए गए।राठौड की नई कार्यकारिणी में उदयपुर संभाग के कुल 7 जिलों में से 2 पदाधिकारियों को जगह मिल पाने से कई पदाधिकारियों में निराशा है।

चितौडगढ,राजसमंद,डूंगरपुर,प्रतापगढ जिले से किसी को मौका नहीं मिला जबकि उदयपुर से अलका मुंदडा और बांसवाडा से हकरू माईडा को लिया गया है। अलका मुंदडा लोकसभा अध्यक्ष ओम बिडला और प्रदेशाध्यक्ष रह चुके सतीश पूनिया की करीबी मानी जाती है। मुंदडा ने इसी साल शहर जिलाध्यक्ष और विधानसभा चुनावों में उदयपुर शहर से दावेदारी की थी।

इधर भाजपा में मेवाड से कार्यकारिणी में महत्वपूर्ण पद पर किए गए मनोनयन से भाजपा में हर्ष व्याप्त हुआ।जैसे ही कार्यकारिणी की घोषणा हुई डॉ अलका मूंदडा के निवास पर कार्यकर्ताओं ने बडी संख्या में पंहुच उन्हें बधाई दी।भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष हरियाणा के प्रभारी डॉ सतीश पूनिया भी किसी विवाह समारोह में लेकसिटी पहुंचे वह भी सीधे डॉ अलका मूंदडा के निवास पर पहुंच उन्हें बधाई दी।

भाजपा मीडिया संभाग प्रभारी चंचल कुमार अग्रवाल ने बताया कि विद्यार्थी काल से ही डॉ अलका मूंदडा की छात्र राजनीति में रुचि रही।वह जयपुर की महारानी कॉलेज की 1991 में महासचिव पद पर रही।जब पहली बार महापौर के सीधे चुनाव होने जा रहे थे तब अलका मूंदडा ने अपने आपको इस पद पर भाजपा की प्रत्याशी हेतु आवेदन किया। तत्पश्चात लगातार उदयपुर की राजनीति में अपनी उपस्थिति दर्ज कराती रही इनके कार्यों को देखते हुए महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष मनोनीत हुई तत्पश्चात महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री,प्रदेश महामंत्री और फिर 2०2० से 2०23 तक महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी का निर्वहन किया

सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा अभियान का शुभारंभ

उदयपुर,। परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग, यातायात पुलिस उदयपुर तथा आधार फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत गुरूवार को महाराणा मेवाड़ पब्लिक स्कूल में सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा एवं आपातकालीन प्राथमिक उपचार से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में उपस्थित यातायात पुलिस उपाधीक्षक ने विद्यार्थियों को वाहनों में हो रहे तकनीकी बदलावों, नए यातायात नियमों तथा सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हेलमेट, सीट बेल्ट, ओवरस्पीडिंग से बचाव और ट्रैफिक सिग्नल का पालन जीवन रक्षा के सबसे महत्वपूर्ण सूत्र हैं। आधार फाउंडेशन की ओर से नारायण चौधरी ने बच्चों को फर्स्ट रिस्पांडर की भूमिका, सीपीआर देने की विधि, ड्रेसिंग एवं बैंडेज करना, सड़क पर सुरक्षित चलने के नियम तथा घायल व्यक्ति को सुरक्षित अस्पताल पहुंचाने।

मौताणे की मांग पर अड़े परिजन

डूंगरपुर। चौरासी थाना क्षेत्र के हरवनी सांसरपुर गांव में एक 55 साल के बुजुर्ग की लात.घुसों और लट्ठ से पीटकर हत्या के बाद 36 घंटे से शव मोर्चरी में पडा है।

परिजन हत्या के आरोपी परिवार के लोगो से मौताणे की मांग की लेकर अडे है,लेकिन आज दूसरे दिन भी शाम तक दोनों पक्षों में कोई समझौता नहीं हुआ है। ऐसे में पुलिस भी दिनों पक्षों में रजामंदी से मामला निबटने का इंतजार कर रही है।चौरासी थानाधिकारी ने बताया कि हत्या की वारदात हरवणी सांसरपुर गांव में हुई थी।

कार्यालय नगरपालिका नाथद्वारा, जिला–राजसमन्द (राज.)

क्रमांक /न.पा.ना./69 क/2025/14467 दिनांक : 17.11.25

– : आपत्ती सूचना :–

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर प्राप्त भूखण्ड/भवन का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पति पर 69 ए का फ्री होल्ड पट्टे का आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो सात दिवस (कार्य दिवस) में नगरपालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ती प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

क्र. सं.	आवेदक का नाम	आवेदित सम्पत्ति का पता एवं माप	चहुंदिस: पूर्व	पश्चिम	उत्तर	दक्षिण
1.	श्री दिलीप कुमार सिंघवी/ श्री सम्पतमल सिंघवी	सिंघवी जी की हवेली, फौज मौहल्ला, नाथद्वारा भूखण्ड क्षेत्रफल 1175.62 वर्गफीट	गली	गली	विजेन्द्र जी का मकान	खुला चौक

आयुक्त, नगरपालिका नाथद्वारा

सीटबेल्ट का प्रयोग सुनिश्चित करने के निर्देश

बांसवाड़ा, (निसं)। बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए सर्वोच्च न्यायालय द्वारा गठित सड़क सुरक्षा समिति की गत 19 नवंबर को नई दिल्ली में आयोजित बैठक में हाल ही राज्य के विभिन्न जिलों में गंभीर सड़क दुर्घटनाओं पर चिन्ता जाहिर करते हुए आम नागरिकों के साथ–साथ राजकीय कार्यालयों, संस्थाओं, उपक्रमों के अधिकारी एवं कर्मचारी द्वारा दुपहिया वाहन पर परिवहन करते समय हेलमेट तथा चोपहिया वाहन में परिवहन करते समय सीटबेल्ट का प्रयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं। इस संबंध में जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने समस्त थानाधिकारियों, प्रभारी यातायात शाखा को उक्त निर्देशों की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने समस्त थानाधिकारियों को पुलिस टीम बनाकर 30 नवम्बर तक अपने क्षेत्र के सरकारी कार्यालयों एवं अन्य उपक्रमों में टीमें भेजकर वहां तैनात अधिकारी एवं कर्मचारियों को उक्त निर्देशों से अवगत कराने व जागरूक करने के लिये निर्देशित किया है वहीं समस्त थानाधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि वे 1 दिसम्बर से प्रतिदिन पुलिस टीमें बनाकर बारी–बारी से अलग–अलग सरकारी कार्यालय एवं अन्य उपक्रमों में प्रवर्तन की कार्यवाही करें और इसकी 100 प्रतिशत वीडियोग्राफी भी करवाएं

वृद्ध से डिजिटल अरेस्ट कर 33 लाख की ठगी

उदयपुर, (कासं)। आधार कार्ड का दुरूपयोग करने की धमकी देकर पीडित को डिजिटल अरेस्ट कर 33 लाख 60 हजार रूपये की ठगी करने वालों के खिलाफ पुलिस ने साईबर थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। सेक्टर 14 निवासी पीडित ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि 12 नवंबर को मोबाईल पर ट्राई अथोरिटी न्यू दिल्ली के नाम से फोन आया। जिसने पीडित को आधार से सीम जारी होने की बात कही तथा उस सीम जरिये